Building Better Tomorrow
ISO 9001:2008, 14001:2004

# बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि०
# Bihar Urban Infrastructure Development Corporation Ltd.
(बिहार सरकार का उपक्रम)

पत्रांक– 174
दिनांक– 13.08.2025

पता : पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड / West Boring Canal Road, पटना / Patna - 800 001, दूरभाष / Phone :- 0612 -2558412, ईमेल / E-mail : mdbuidco@gmail.com, website: http://buidco.in
CIN – U45200BR2009SGC014600

प्रेषक,

परियोजना निदेशक
दीघा–कंकड़बाग एस.टी.पी. एवं सीवरेज नेटवर्क
बुडको, पटना।

सेवा में,

**Chief Executive Officer (CEO),**
**DK Sewage Projects Private Limited/VA Tech Wabag Ltd (Assignee)**
WABAG HOUSE
No. 17, 200 Feet Thoraipakkam - Pallavaram Main Road
Sunnambu Kolathur, Chennai - 600117

विषय : नमामि गंगे कार्यक्रम अंतर्गत दीघा–कंकड़बाग एस.टी.पी. एवं सीवरेज नेटवर्क योजना के प्रगति धीमी रहने, मानक के अनुसार कार्य नहीं कराने, समीक्षात्मक बैठक में भ्रमित प्रतिवेदन समर्पित करने एवं बार–बार स्पष्टीकरण एवं उच्चाधिकारियों के द्वारा दिये गये निदेशो के बावजुद भी कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं लाये जाने के कारण आपके फर्म को डीबार करने के संबंध में।

प्रसंग : बुडको का पत्रांक– 1068, दिनांक– 27.03.2025 , पत्रांक– 1803, दिनांक– 05.05.2025 ,पत्रांक– 1810, दिनांक– 06.05.2025 एवं पत्रांक– 1931, दिनांक– 16.05.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के माध्यम से अनेकों बार कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने हेतु आपको स्पष्टीकरण करते हुये कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने हेतु निदेशित किया गया है, परंतु आपके द्वारा कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं लायी गयी है। दिनांक–16.05.2025 एवं दिनांक– 17.05.2025 को आपके द्वारा स्पष्टीकरण का जवाब समर्पित किया गया है, जो स्वीकार योग्य नहीं है।

दिनांक– 19.04.2025 को आयोजित समीक्षात्मक बैठक में दीघा–कंकड़बाग सीवरेज नेटवर्क एवं एस.टी.पी. योजना में I&D SPS-A, I&D SPS-B, Sewerage Network, SPS-A, SPS-B, APS-1, APS-2, SPS- 1 & SPS- 2 में मानव बल एवं मशीनरी की कमी के कारण अपेक्षित प्रगति नहीं पायी गया। कार्य का त्वरित निष्पादन कराने हेतु सभी कार्यस्थल का अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने तथा कार्य करने की सहमति की सूचना बैठक में कई बार दिया गया है, उसके बाद भी कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं लायी गयी है।

समीक्षात्मक बैठक में योजना के अनेक पथों/मिसिंग लिंक को पूर्ण करने की तिथि आपके द्वारा अनेक बार बदली गयी है तथा अनावश्यक समय को बढ़ाया जाता है। अनेक कार्यस्थलों पर Machinery/Manpower को समुचित रूप से आपके द्वारा नहीं लगाया जाता रहा है। धीमी प्रगति के कारण मॉनसून, 2025 के पहले कार्य पूर्ण नहीं होने से अधिकांश जगहों पर जल–जमाव हो जाती। अनेक बार निदेशित किया गया, उसके बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। साथ ही SPS- A, SPS- B, APS- 1 & APS- 2 एवं अन्य संबंधित कार्य भी दिनांक– 25.05.2025 तक पूर्ण करने हेतु निदेश दिया गया, ताकि समुचित Discharge को दीघा–कंकड़बाग एस.टी.पी. तक पहुचाया जा सकें, परंतु आपके द्वारा कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं लायी गयी। APS 1 तथा APS 2 में कार्य महिनों से बंद पाया जाता रहा तथा SPS A एवं SPS B में कार्य बहुत धीमी गति से चलता पाया गया। विगत दिनांक– 12.06.2025 को बैठक में सभी SPS-A, SPS- B, APS- 1 & APS- 2 एवं Rising Main पाटलीपुत्रा Industrial Area के कार्य को चालु रखने हेतु निदेशित किया गया। पुनः प्रबंध निदेशक महोदय के द्वारा दिनांक– 20.06.2025 को कार्यालय कक्ष में हुयी बैठक में भी कार्य पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया, परंतु अभीतक कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है।

Scanned with OKEN Scanner

राजापुर पहलवान घाट के निकट गेट नं.– 12 के निकट SPS के कार्य को भी लगातार निदेश देने के बावजुद भी तीव्र गति से कार्य करने हेतु Manpower की संख्या नहीं बढ़ाई गयी न ही कार्य को पूर्ण करने हेतु सार्थक प्रयास किया गया। ऐसा देखा जा रहा है दीघा–कंकड़बाग सीवरेज नेटकर्व में इतनी ज्यादा राशि खर्च होने के बावजुद भी उपयोगिता नगन्य है, जो कि आपके कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह उत्पन्न करता है। जैसा की ज्ञात हुआ है आपके द्वारा छोटे–छोटे संवेदकों के बीच कार्य को बांट दिया गया है, जिन्हे न तो कार्य करने का अनुभव है न ही Machinery/Manpower आर्थिक संसाधन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है।

अतः उक्त के आलोक में अपेक्षित प्रगति नहीं होने एवं कार्य के प्रति लापरवाही, स्वेच्छाचारिता, अकर्मण्यता एवं अनुशासनहीनता बरतने के कारण DK Sewage Projects Private Limited/VA Tech Wabag Ltd (Assignee) को एकरारनामा की सुसंगत कंडिका Schedule- 14, Article-2, Clause-2.3.6 (2 Delay of Completion- Liquidated Damages) के तहत 10% राशि अधिरोपित करते हुये डीबार किया जाता है।

विश्वासभाजन

13/05/25

परियोजना निदेशक

दीघा–कंकड़बाग एस.टी.पी. एवं

सीवरेज नेटवर्क,

बुडको, पटना

Scanned with OKEN Scanner